# केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती),
## पंत भवन, चतुर्थ तल, बेली रोड,
## पटना–800 001
## (वेबसाइट–www.csbc.bih.nic.in)

**बिहार पुलिस बल में सिपाही पद की वर्तमान रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु सूचना [संदर्भ विज्ञापन संख्या–02/2009, पी.आर.–7829(पुलिस) 08–09 एवं पी.आर.–4602 (पुलिस) 09–10]**
**आवेदन–पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि–23.01.2010 (शनिवार)**

सिपाही पद **(अपुनरीक्षित वेतनमान 3050–75–3950–80–4590 एवं औपबंधिक रूप से पुनरीक्षित वेतनमान 5200–20200 + ग्रेड पे 1900)** की वर्तमान रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु सूचना संबंधी विज्ञापन संख्या-02/2009, बिहार राज्य के समाचार पत्रों में माह जनवरी-2009 में प्रकाशित किया गया था ।

तदुपरांत इन रिक्तियों पर नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम (पी.आर.-4602 (पुलिस) 09-10), राज्य के समाचार पत्रों में माह अक्टूबर-09 में प्रकाशित किया जा चुका है ।

उक्त क्रम में आगे सूचित करना है कि :

बिहार पुलिस अधिनियम 2007 (अधिनियम-7, 2007) की धारा- 55, सहपठित धारा- 94 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार द्वारा बिहार पुलिस हस्तक में वर्णित सिपाही के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया में कतिपय संशोधन करते हुये गृह (आरक्षी) विभाग से अधिसूचना संख्या- 4/ब-1-102/2008- 6843, दिनांक- 11.08.08 प्रकाशित की गयी है ।

संशोधित प्रक्रिया के अन्तर्गत अभ्यर्थियों की पहले लिखित परीक्षा ली जायेगी एवं उसके आधार पर तैयार की गयी मेधा सूची में सफल उम्मीदवारों को आवश्यकतानुसार शारीरिक जाँच परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा ।

अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एवं शारीरिक जाँच परीक्षा के लिए केन्द्रीय चयन पर्षद का गठन किया गया है ।

यह पर्षद लिखित परीक्षा, शारीरिक जाँच परीक्षा एवं चिकित्सकीय परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा जिले के पुलिस अधीक्षक/वाहिनी के समादेष्टा को भेजेगी । जिले के पुलिस अधीक्षक/वाहिनी के समादेष्टा अनुशंसित अभ्यर्थियों की नियुक्ति करेंगे । नियुक्ति के पूर्व वे चयनित उम्मीदवारों के चरित्र का सत्यापन एवं पहचान भली-भाँति जाँचकर सुनिश्चित कर लेंगे ।

जिला पुलिस एवं सैन्य पुलिस की रिक्तियों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया एक साथ होगी । अभ्यर्थियों को अपनी प्राथमिकता देने का अवसर दिया जाएगा कि वे प्राथमिकता जिला पुलिस को देते हैं या सैन्य पुलिस को । नियुक्ति हेतु चयनित होने पर मेधाक्रम के अनुसार इनके द्वारा दी गयी प्राथमिकता पर विचार किया जायेगा ।

जिला पुलिस के लिए चयनित अभ्यर्थियों को उनके मेधाक्रम में उनके द्वारा दी गयी प्राथमिकता तथा रिक्ति की उपलब्धता के आधार पर किसी जिला में नियुक्त किया जायेगा ।

**<u>लिखित प्रतियोगिता परीक्षा :-</u>**

आवेदन-पत्र संकलन के उपरांत आवेदन-पत्रों की जाँच की जाएगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन-पत्र सही पाये जायेंगे उन्हें एडमिट कार्ड डाक द्वारा निर्गत किया जायेगा । जिन अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड निर्गत किया जायेगा उनकी लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी । लिखित परीक्षा का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की दसवीं कक्षा के स्तर का होगा एवं प्रश्न वस्तुनिष्ठ (ऑब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे । लिखित परीक्षा 300 अंकों की होगी । दो घंटों के एक प्रश्न पत्र में कुल 100 प्रश्न होंगे जिसमें प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक देय होंगे । प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा । उत्तर पुस्तिका दो प्रतियों में होगी, जिसमें से एक प्रति कार्बन प्रति के रूप में होगी और यह प्रति चयन पर्षद के पास सुरक्षित रखी जाएगी । जिला एवं सैन्य पुलिस में सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए मेधा सूची लिखित प्रतियोगिता में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार होगी ।

लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर विज्ञापित रिक्तियों के 1:5 अनुपात में प्रत्येक आरक्षण कोटि के लिए अभ्यर्थियों का चयन शारीरिक जाँच हेतु किया जाएगा ।

लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को शारीरिक योग्यता जाँच/माप में सम्मिलित होना होगा एवं इसमें सफल होना अनिवार्य होगा, परन्तु शारीरिक योग्यता जाँच/माप के आधार पर कोई अंक देय नहीं होगा । शारीरिक योग्यता के न्यूनतम निर्धारित मापदण्ड में कोई छूट अनुमान्य नहीं होगी ।

**<u>चिकित्सकीय परीक्षण</u>** – नियुक्ति के पूर्व सभी चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण किया जाएगा । आँख, कलर ब्लान्इडनेस, श्रवण शक्ति, हकलाहट, फ्लैट फूट एवं नौकिंग नी आदि की भी जाँच की जायेगी । नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय परीक्षण में योग्य पाया जाना अनिवार्य होगा ।

**अभ्यर्थियों की उम्र (दिनांक 01 जनवरी 2009 को):**

(1) सामान्य कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 23 वर्ष ।

(2) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 25 वर्ष ।

(3) पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 26 वर्ष ।

(4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 28 वर्ष होनी चाहिए ।

**शैक्षणिक योग्यता :- 10 वीं पास**

**आरक्षण :-** बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम 1991 (बिहार अधिनियम-3, 1992) (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार आरक्षण के प्रावधान लागू होंगे ।

परन्तु सिपाहियों की कुल उपलब्ध रिक्तियों के अधिकतम 50 प्रतिशत को बिहार के प्रशिक्षित एवं बिहार में नामांकित गृहरक्षकों से भरा जा सकेगा । गृहरक्षकों से भरी जानेवाली रिक्तियों के लिए भी बिहार अधिनियम- 3, 1992 के प्रावधानों के अनुसार कोटिवार आरक्षण लागू होगा ।

गृहरक्षकों से भरी जानेवाली रिक्तियों के लिए निर्धारित अधिकतम उम्र सीमा में सभी आरक्षण कोटि के गृह रक्षकों को पाँच वर्षो की छूट दी जाएगी ।

योग्य गृह रक्षक उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या की अनुपलब्धता की दशा में गृह रक्षक कोटे की शेष रिक्तियों को उसी कोटि के गैर गृह रक्षक उम्मीदवारों से भरा जा सकेगा ।

**ऊँचाई -**

(1) सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए - न्यूनतम 165 सेन्टीमीटर

(2) सभी वर्गो की महिलाओं के लिए - न्यूनतम 155 सेन्टीमीटर

(3) भारतीय मूल के गोरखा के लिए सिर्फ बिहार सैन्य पुलिस-1 (गोरखा बटालियन) में - न्यूनतम 160 सेन्टीमीटर

(4) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों के लिए - न्यूनतम 162 से0मी0

**सीना (सिर्फ पुरूषों के लिए) –**

(1) सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के पुरूषों के लिए –

बिना फुलाए – 81 से0 मी0 (न्यूनतम)

फुलाकर – 86 से0 मी0 (न्यूनतम)

(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 से0मी0 अन्तर होना अनिवार्य होगा)

(2) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के पुरूषों के लिए –

बिना फुलाए – 79 से0 मी0 (न्यूनतम)

फुलाकर– 84 से0 मी0 (न्यूनतम)

(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 से0मी0 अन्तर होना अनिवार्य होगा)

(3) भारतीय मूल के गोरखा के लिए सिर्फ बिहार सैन्य पुलिस–1 (गोरखा बटालियन) में –

बिना फुलाए – 79 से0मी0 (न्यूनतम)

फुलाकर – 84 से0मी0 (न्यूनतम)

(फुलाने के बाद सीना में कम से कम 5 से0मी0 अन्तर होना अनिवार्य होगा)

**शारीरिक योग्यताएँ –**

(1) **दौड़ –**

पुरूषों के लिए –

एक मील की दौड़ के लिए समय सीमा :–

6 मिनट (अधिक समय लेने वाले अभ्यर्थी असफल घोषित होंगे)

महिलाओं के लिए –

एक किलोमीटर की दौड़ के लिए समय सीमा :–

6 मिनट (अधिक समय लेने वाली अभ्यर्थी असफल घोषित होंगी)

(2) **उँची कूद –**

पुरूष के लिए – न्यूनतम 4 (चार) फुट

महिला के लिए – न्यूनतम 3 (तीन) फुट

(3) **लंबी कूद –**

पुरूष के लिए – न्यूनतम 12 (बारह) फुट

महिला के लिए – न्यूनतम 9 (नौ) फुट

(4) **गोला फेंक –**

पुरूष के लिए – 16 पौंड का गोला

न्यूनतम 16 (सोलह) फुट फेंकना होगा ।

महिला के लिए – 12 पौंड का गोला

न्यूनतम 10 (दस) फुट फेंकना होगा ।

**<u>रिक्तिः–</u>** जिलों, रेल जिलों एवं बिहार सैन्य पुलिस की वाहिनियों में सिपाही कोटि में रिक्ति अनुलग्नक-(क) पर अंकित विवरणी में दर्शायी गयी है ।

**<u>आवेदन–पत्र :–</u>** सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क पर (परीक्षा शुल्क के रूप में) (कम्प्यूटर कम्पेटिबल/ICR) आवेदन–पत्र का क्रय करना होगा ।

**केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा, सामान्य वर्ग, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए आसमानी रंग का आवेदन–पत्र जिसका मूल्य 120/–(एक सौ बीस) रूपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन–जाति के पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए नारंगी रंग का आवेदन–पत्र मुद्रित कराकर जारी किया गया है जिसका मूल्य 45/–(पैंतालीस) रूपये है । अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे आवेदन–पत्र क्रय करने के लिए उसके मूल्य के बराबर की राशि साथ में रखें ताकि आवेदन–पत्र क्रय करने में विलंब न हो ।**

**यह नियुक्ति वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध की जा रही है । इस नियुक्ति में बिहार सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे। मात्र उन्हीं पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ मिलेगा जो बिहार राज्य के स्थायी निवासी हैं । अन्य राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों के स्थायी निवासी चाहे वे किसी भी वर्ग या जाति के हों उन्हें सामान्य श्रेणी का माना जायेगा तथा आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा ।**

**बैकलॉग तथा वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध सिपाही के पद पर नियुक्ति हेतु दो अलग–अलग परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा । जो अभ्यर्थी बैकलॉग रिक्ति के विरूद्ध अपना आवेदन–पत्र समर्पित कर चुके है, वे अभ्यर्थी वर्तमान रिक्तियों के विरूद्ध भी अपना आवेदन–पत्र पुनः समर्पित कर सकते हैं तथा आयोजित की जाने वाली दोनों परीक्षाओं में अलग–अलग सम्मिलित हो सकते हैं ।**

**केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी आवेदन–पत्र बिहार राज्य में अवस्थित डाकघरों (जिनकी संख्या–137 है) तथा भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं (जिनकी संख्या–38 है) में उपलब्ध हैं । उपरोक्त डाकघरों एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं (देखें अनुलग्नक–ख) से आवेदन–पत्र किसी भी कार्य दिवस को कार्यावधि में क्रय किये जा सकते हैं । उक्त सूची (अनुलग्नक–'ख') के डाकघरों एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं द्वारा आवेदन–पत्रों की बिक्री का कार्य दिनांक–14.12.2009 (सोमवार) को प्रारम्भ किया जायेगा । बिक्री की अंतिम तिथि –23.01.2010 (शनिवार) निर्धारित की गयी है ।**

केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी किये गये आवेदन–पत्र, 'अनुलग्नक-(ख)' की सूची में दिये गये डाकघरों एवं भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं से क्रय किये जायें ।

अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि किसी भी परिस्थिति में वे केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी आवेदन–पत्र के स्थान पर अन्य प्रकार के आवेदन–पत्र का क्रय

अथवा उपयोग नहीं करें तथा यह भी कि निर्धारित आवेदन-पत्र के स्थान पर इसकी फोटो कॉपी का उपयोग नहीं किया जाय, अन्यथा आवेदन-पत्र रद्द कर दिये जायेंगे ।

अभ्यर्थियों को यह भी निर्देश दिया जाता है कि वे आवेदन-पत्र किसी भी अनधिकृत व्यक्ति से क्रय न करें । ऐसे आवेदन-पत्रों की मान्यता नहीं होगी ।

हालांकि, अपने नजदीकी डाकघर या भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से आवेदन-पत्र का क्रय किया जाना सुविधाजनक होगा, परन्तु ऐसी कोई बाध्यता नहीं है । कोई अभ्यर्थी चाहे वे किसी भी जिले के निवासी हों, अनुलग्नक-(ख) में दी गयी सूची के किसी भी डाकघर या भारतीय स्टेट बैंक की शाखा से आवेदन-पत्र का क्रय कर सकते हैं । आवेदन-पत्र सुलभता से उपलब्ध हैं, जिसे सुविधानुसार क्रय किया जा सकता है ।

<u>आवेदन-पत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश :</u>

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन-पत्र भरने के संबंध में आवश्यक निर्देश, आवेदन-पत्र के पृष्ठ भाग में मुद्रित करा दिये गये हैं । अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि यह एक कम्प्यूटरीकृत आवेदन-पत्र है । अतः आवेदन-पत्र भरने के पूर्व सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें ।

अभ्यर्थी स्वयं की लिखावट में पूर्ण रूप से एवं साफ अक्षरों में भरकर अपना एक ही आवेदन-पत्र भेजें ।

आवेदन-पत्र भरने में किसी प्रकार का पुनर्लेखन (Over writing), काटकूट (Cutting), विलेखन (Erasing) होने पर आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे ।

अपूर्ण रूप से भरे हुये या दूसरे के द्वारा भरे हुये अथवा एक से अधिक आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर सभी आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे ।

आवेदन-पत्र अंग्रेजी में भरें ।

आवेदक, आवेदन-पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर अपना पासपोर्ट साईज का हाल में खींचा हुआ फोटो निश्चित रूप से चिपकायें । फोटो ठीक ढंग से चिपकायें ताकि आवेदन-पत्र से अलग होकर गिर नहीं जाये ।

आवेदक अपना पूरा हस्ताक्षर अंग्रेजी तथा हिन्दी में आवेदन-पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर निर्धारित बॉक्स के अन्दर निश्चित रूप से करें ।

<u>महत्वपूर्ण निर्देश-</u>

**आवेदक, आवेदन-पत्र के साथ किसी प्रकार का अभिलेख या कोई भी प्रमाण-पत्र संलग्न न करें ।**

**अभ्यर्थी, आवेदन-पत्र को निर्देशानुसार भरकर दिये गये चिन्हों (रेखाओं) के आधार पर मोड़ दें एवं उचित साईज के लिफाफे में डालकर केन्द्रीय चयन पर्षद के दिये गये पते पर भेज दें । आवेदन-पत्र को किसी अन्य स्थान से न मोड़ें । आवेदन-पत्र के साथ कोई लिफाफा नहीं दिया जा रहा है । अतः लिफाफा की व्यवस्था अभ्यर्थियों को स्वयं करनी होगी ।**

<u>आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि :</u>

**आवेदन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि-23.01.2010 (शनिवार) निर्धारित है एवं इसमें कोई विस्तार नहीं किया जायेगा । पूरी तरह से भरा हुआ**

**आवेदन–पत्र सचिव, केन्द्रीय चयन पर्षद, बैक हार्डिंग रोड, पटना–800 001 के पते पर अंतिम तिथि या उसके पूर्व पहुँच जाना चाहिए ।**

**अभ्यर्थी भरे हुये आवेदन–पत्र को डाकघर द्वारा रजिस्टर्ड डाक या स्पीड पोस्ट से ही भेजें ।**

**अभ्यर्थी भरे हुये आवेदन–पत्र को लिफाफे में सीलबंद कर केन्द्रीय चयन पर्षद के बैक हार्डिंग रोड, पटना अवस्थित उक्त कार्यालय पर बने काउन्टर पर भी रविवार के अतिरिक्त किसी कार्य दिवस को अंतिम तिथि या इसके पूर्व 09:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक जमा करा सकते हैं ।**

**जो अभ्यर्थी अपना आवेदन–पत्र केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय में जमा कराना चाहते हैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से स्वयं उपस्थित होकर यह कार्य करना होगा । किसी दूसरे के द्वारा भेजे गये आवेदन–पत्र नहीं लिये जायेंगे । अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर पर एक बार में एक ही अभ्यर्थी का आवेदन–पत्र लिया जायेगा, न कि बड़ी संख्या में ।**

**जो अभ्यर्थी केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर पर अपना आवेदन–पत्र जमा कराना चाहते हैं उन्हें अपने साथ पूरी तरह से भरा हुआ Acknowledgement Slip (पावती) साथ में लाना होगा जिसकी, केन्द्रीय चयन पर्षद की मुहर लगी अधकट्टी, आवेदन–पत्र जमा किये जाने के पश्चात उन्हें दे दी जायेगी ।**

Acknowledgement Slip का नमूना उसी माप का जो इस विज्ञापन में प्रकाशित किया गया है, उसकी छायाप्रति कराकर आवेदक उसका उपयोग Acknowledgement Slip (पावती) के रूप में कर सकते हैं । जैसा कि स्पष्ट है Acknowledgement Slip में अभ्यर्थी अपना हाल का खींचा हुआ पासपोर्ट साईज का 2 (दो) फोटो निर्दिष्ट स्थान पर भली–भाँति चिपका देंगे एवं नाम आदि अन्य सूचनाओं को पूरी तरह से भरकर तथा निर्दिष्ट स्थान पर अपना हस्ताक्षर कर इस Acknowledgement Slip को आवेदन–पत्र के साथ लाकर केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय काउन्टर से इसकी अधकट्टी प्राप्त कर पावती के रूप में रख सकते हैं ।

अभ्यर्थी स्पष्ट रूप से यह समझ लें कि केन्द्रीय चयन पर्षद उनका आवेदन–पत्र प्राप्त नहीं होने अथवा किन्हीं अन्य कारणों से विलंब से प्राप्त होने के लिए किसी भी परिस्थिति में उत्तरदायी नहीं होगा । निर्धारित अंतिम तिथि 23.01.2010 (शनिवार) के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन–पत्र पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जायेगा और विलंब से प्राप्त होने वाले सभी आवेदन–पत्रों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जायेगा । अत: वे यह सुनिश्चित कर लें कि उनके आवेदन–पत्र निर्धारित अंतिम तिथि 23.01.2010 (शनिवार) तक या उसके पूर्व केन्द्रीय चयन पर्षद के कार्यालय में पहुँच जायें । अत: अभ्यर्थियों को यह सुझाव दिया जाता है कि अपना आवेदन–पत्र जल्द से जल्द डाक द्वारा भेज दें या व्यक्तिगत रूप से जमा कर दें ताकि उनके आवेदन–पत्र अस्वीकृत होने की समस्या उत्पन्न न हो एवं उन्हें परीक्षा से वंचित न होना पड़े ।

आवेदन–पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि के उपरांत सभी आवेदन–पत्रों के जाँचोपरान्त अभ्यर्थियों का डाटा बेस बनाकर लिखित परीक्षा के लिए उन्हें प्रवेश–पत्र डाक द्वारा निर्गत किया जायेगा ।

उक्त कार्रवाई के पूर्ण होते हीं लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में विधिवत सूचना समाचार–पत्रों के माध्यम से यथासमय दी जायेगी ।

**अध्यक्ष,**
**केन्द्रीय चयन पर्षद**
**बिहार, पटना ।**

अनुलग्नक–'क'

## सिपाही पद पर वर्तमान रिक्तियों की विवरणी तालिका

(आधार तिथि–23.09.2008)

| क्रमांक | जिला/वाहिनी | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग (महिला) | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **पटना** | 355 | 22 | 400 | 267 | 67 | 1122 | **2233** |
| 2 | नालंदा | 35 | 2 | 40 | 27 | 6 | 110 | **220** |
| 3 | गया | 46 | 2 | 51 | 33 | 9 | 0 | **141** |
| 4 | नवादा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 65 | **65** |
| 5 | जहानाबाद | 13 | 1 | 14 | 9 | 2 | 40 | **79** |
| 6 | अरवल | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 134 | **134** |
| 7 | औरंगाबाद | 42 | 3 | 47 | 31 | 8 | 132 | **263** |
| 8 | रोहतास | 41 | 3 | 46 | 31 | 8 | 104 | **233** |
| 9 | आरा (भोजपुर) | 40 | 3 | 45 | 30 | 8 | 0 | **126** |
| 10 | भभुआ (कैमूर) | 13 | 1 | 15 | 10 | 3 | 44 | **86** |
| 11 | बक्सर | 25 | 2 | 28 | 19 | 5 | 43 | **122** |
| 12 | **मुजफ्फरपुर** | 31 | 2 | 25 | 21 | 4 | 76 | **159** |
| 13 | वैशाली | 39 | 2 | 44 | 29 | 7 | 91 | **212** |
| 14 | सीतामढ़ी | 17 | 1 | 20 | 13 | 3 | 55 | **109** |
| 15 | शिवहर | 12 | 1 | 13 | 9 | 1 | 38 | **74** |
| 16 | सारण (छपरा) | 17 | 1 | 19 | 13 | 3 | 52 | **105** |
| 17 | सिवान | 15 | 1 | 16 | 10 | 3 | 43 | **88** |
| 18 | गोपालगंज | 25 | 1 | 29 | 22 | 5 | 81 | **163** |
| 19 | पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) | 22 | 2 | 26 | 18 | 5 | 74 | **147** |
| 20 | पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) | 14 | 1 | 28 | 15 | 5 | 47 | **110** |
| 21 | बगहा | 10 | 1 | 12 | 9 | 2 | 34 | **68** |
| 22 | **दरभंगा** | 26 | 2 | 29 | 19 | 5 | 58 | **139** |
| 23 | मधुबनी | 19 | 1 | 25 | 7 | 4 | 31 | **87** |
| 24 | समस्तीपुर | 4 | 0 | 3 | 2 | 0 | 9 | **18** |
| 25 | सहरसा | 25 | 2 | 28 | 18 | 5 | 79 | **157** |
| 26 | सुपौल | 18 | 1 | 20 | 14 | 4 | 13 | **70** |
| 27 | मधेपुरा | 22 | 1 | 24 | 16 | 4 | 66 | **133** |
| 28 | पूर्णिया | 21 | 1 | 19 | 12 | 4 | 53 | **110** |
| 29 | किशनगंज | 21 | 1 | 22 | 15 | 4 | 44 | **107** |
| 30 | अररिया | 21 | 1 | 19 | 8 | 4 | 60 | **113** |
| 31 | कटिहार | 1 | 16 | 18 | 11 | 3 | 50 | **99** |

| क्रमांक | जिला/वाहिनी | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग (महिला) | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | **भागलपुर** | 6 | 96 | 107 | 72 | 18 | 288 | **587** |
| 33 | बांका | 26 | 2 | 26 | 18 | 5 | 58 | **135** |
| 34 | नवगछिया | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 52 | **52** |
| 35 | मुंगेर | 31 | 2 | 34 | 23 | 6 | 55 | **151** |
| 36 | जमुई | 10 | 3 | 10 | 6 | 1 | 0 | **30** |
| 37 | शेखपुरा | 7 | 0 | 7 | 5 | 1 | 20 | **40** |
| 38 | लखीसराय | 6 | 1 | 8 | 5 | 2 | 7 | **29** |
| 39 | बेगूसराय | 16 | 1 | 23 | 16 | 4 | 66 | **126** |
| 40 | खगड़िया | 12 | 1 | 12 | 9 | 2 | 14 | **50** |
| 41 | **रेल पटना** | 2 | 0 | 3 | 2 | 0 | 8 | **15** |
| 42 | रेल कटिहार | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 | 39 | **45** |
| 43 | रेल जमालपुर | 21 | 1 | 22 | 17 | 6 | 63 | **130** |
| 44 | रेल मुजफ्फरपुर | 30 | 0 | 79 | 0 | 21 | 22 | **152** |
| **कुल योग** | | **1161** | **185** | **1456** | **913** | **257** | **3540** | 7512 |

| क्रमांक | जिला/वाहिनी | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग (महिला) | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | **बिहार सैन्य पुलिस–1 (गोरखा)** | 0 | 0 | 0 | 0 | - | 167 | **167** |
| 46 | बिहार सैन्य पुलिस–2 | 8 | 0 | 10 | 7 | - | 15 | **40** |
| 47 | बिहार सैन्य पुलिस–3 | 11 | 1 | 13 | 8 | - | 53 | **86** |
| 48 | बिहार सैन्य पुलिस–5 | 14 | 0 | 3 | 3 | - | 0 | **20** |
| 49 | बिहार सैन्य पुलिस–6 | 6 | 0 | 7 | 5 | - | 20 | **38** |
| 50 | बिहार सैन्य पुलिस–7 | 49 | 3 | 55 | 36 | - | 47 | **190** |
| 51 | बिहार सैन्य पुलिस–8 | 24 | 2 | 27 | 18 | - | 0 | **71** |
| 52 | बिहार सैन्य पुलिस–9 | 25 | 1 | 29 | 19 | - | 79 | **153** |
| 53 | बिहार सैन्य पुलिस–10 | 3 | 0 | 3 | 1 | - | 8 | **15** |
| 54 | बिहार सैन्य पुलिस–12 | 53 | 3 | 59 | 21 | - | 160 | **296** |
| 55 | बिहार सैन्य पुलिस–13 | 23 | 3 | 25 | 18 | - | 73 | **142** |
| 56 | बिहार सैन्य पुलिस–14 | 3 | 0 | 3 | 1 | - | 8 | **15** |
| 57 | बिहार सैन्य पुलिस–15 | 108 | 7 | 120 | 81 | - | 338 | **654** |
| 58 | अश्वारोही सैन्य पुलिस | 6 | 0 | 7 | 5 | - | 18 | **36** |
| 59 | महिला बटालियन | 108 | 7 | 120 | 81 | 21 | 338 | **675** |
| **कुल योग** | | **441** | **27** | **481** | **304** | **21** | **1324** | **2598** |

**संक्षिप्त विवरणी**

| क्रमांक | जिला/वाहिनी | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग (महिला) | सामान्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार सैन्य पुलिस | 441 | 27 | 481 | 304 | 21 | 1324 | **2598** |
| 2 | जिला बल (रेल सहित) | 1161 | 185 | 1456 | 913 | 257 | 3540 | **7512** |
| **कुल योग** | | **1602** | **212** | **1937** | **1217** | **278** | **4864** | **10110** |

**(अनुलग्नक– ख)**

**केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) से संबंधित आवेदन–पत्रों के बिक्रय हेतु प्रधान डाकघर/ डाकघर एवं भारतीय स्टेट बैंक के शाखाओं की सूची :–**

**प्रधान डाकघर / डाकघरों की सूची :–**

**पटना जिला–** पटना जी0पी0ओ0, बाँकीपुर, महेन्द्रु, पटना कलेक्ट्रेट, पटना यूनिवर्सिटी, कदमकुआँ, लोहियानगर, गुलजारबाग, पटना सिटी, अनिसाबाद, फुलवारीशरीफ, दानापुर कैन्ट, खगौल, दीघाघाट, बिहटा, फतुहा, मसौढ़ी, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, **नालंदा जिला–** बिहारशरीफ एच0ओ0, नालंदा कॉलेज, हिलसा, इसलामपुर, हरनौत, राजगीर, **गया जिला–** गया एच0ओ0, गया आर0एस0, ए0पी0कॉलोनी, सिविल लाईन्स, बुनियादगंज, मगध यूनिवर्सिटी, बोधगया, शेरघाटी, **जहानाबाद जिला**– जहानाबाद एच0ओ0, जहानाबाद कचहरी, **अरवल जिला**– अरवल एम0डी0जी0, **नवादा जिला**– नवादा एच0ओ0, वारसलीगंज, **औरंगाबाद जिला**– औरंगाबाद एच0ओ0, रफीगंज, दाउदनगर, नवीनगर, **भोजपुर जिला**– आरा एच0ओ0, आरा चौक, आरा कचहरी, एच0डी0 जैन कॉलेज, महाराजा कॉलेज, पकरी, पीरो, **बक्सर जिला**– बक्सर एच0ओ0, नई बाजार, डुमराँव, **रोहतास जिला**– सासाराम एच0ओ0, सासाराम बाजार, डालमियानगर, **कैमूर जिला–** भभुआ एम0डी0जी0, **मुजफ्फरपुर जिला**– मुजफ्फरपुर एच0ओ0, रमना, बी0एम0पी–6, मोतीझील, बिहार यूनिवर्सिटी, कल्याणी, सरैयागंज, **वैशाली जिला**– हाजीपुर एच0ओ0, हाजीपुर इंडस्ट्रियल एरिया, **शिवहर जिला–** शिवहर एम0डी0जी0, **सीतामढ़ी जिला**– सीतामढ़ी एच0ओ0, सीतामढ़ी बाजार, **सारण जिला**– छपरा एच0ओ0, भगवान बाजार, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, जगदम कॉलेज, राजेन्द्र कॉलेज, मढ़ौरा, **सिवान जिला**– सिवान एच0ओ0, स्टेशन रोड, सिवान चौक बाजार, **गोपालगंज जिला–** गोपालगंज एच0ओ0, मीरगंज, **पश्चिमी चम्पारण**– बेतिया एच0ओ0, बेतिया आर0एस0, **पूर्वी चम्पारण**– मोतिहारी एच0ओ0, मोतिहारी कॉलेज, मोतिहारी चौक, मोतिहारी सिटी, मोतिहारी कोर्ट, **बगहा जिला–** बगहा, नरकटियागंज, **दरभंगा जिला**– दरभंगा एच0ओ0, लहेरियासराय, दरभंगा बड़ा बाजार, दरभंगा चौक, दरभंगा सिटी, **मधुबनी जिला**– मधुबनी एच0ओ0, **समस्तीपुर जिला–** समस्तीपुर एच0ओ0, समस्तीपुर बाजार, दलसिंहसराय, **पूर्णियाँ जिला**– पूर्णियाँ एच0ओ0, पूर्णियाँ कोर्ट, पूर्णियाँ डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, **कटिहार जिला**– कटिहार एच0ओ0, कटिहार आर0एस0, कटिहार बड़ा बाजार, **किशनगंज जिला**– किशनगंज एम0डी0जी0, **अररिया जिला**– अररिया एम0डी0जी0, **सहरसा जिला**– सहरसा एच0ओ0, सहरसा कलेक्ट्रेट, सहरसा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, सहरसा बाजार, **मधेपुरा जिला**– मधेपुरा एम0डी0जी0, मधेपुरा कलेक्ट्रेट **सुपौल जिला**– सुपौल एम0डी0जी0, **भागलपुर जिला**– भागलपुर एच0ओ0, भागलपुर सिटी, टी0एन0बी0 कॉलेज, आदमपुर, सुलतानगंज, नाथनगर, सबौर, **बाँका जिला**– बाँका एच0ओ0, **नवगछिया जिला**– नवगछिया एम0डी0जी0, **मुंगेर जिला**– मुंगेर एच0ओ0, लाल दरवाजा, मुंगेर कॉलेज, मुंगेर फोर्ट, मुंगेर टाउन, एन0डी0 रोड मुंगेर, जमालपुर, **जमुई जिला**– जमुई एच0ओ0, **बेगूसराय जिला**– बेगूसराय एच0ओ0, बेगूसराय कोर्ट, जी0डी0 कॉलेज रोड, बरौनी, **लखीसराय जिला**– लखीसराय एम0डी0जी0, **शेखपुरा जिला**– शेखपुरा एम0डी0जी0, **खगड़िया जिला–** खगड़िया एम0डी0जी0 (कुल संख्या–137)

**भारतीय स्टेट बैंक के शाखाओं की सूची :–**

**पटना जिला–** पटना मेन ब्राँच, जे0सी0 रोड ब्राँच, मसौढ़ी ब्राँच, बाढ़ ब्राँच, मोकामा ब्राँच, **नालंदा जिला**– बिहारशरीफ ब्राँच, **गया जिला**– गया ब्राँच, ए0पी0 कॉलोनी गया ब्राँच, **जहानाबाद जिला**– जहानाबाद ब्राँच, **नवादा जिला**– नवादा ब्राँच, **औरंगाबाद जिला**– औरंगाबाद ब्राँच, **भोजपुर जिला**– आरा ब्राँच, **बक्सर जिला**– बक्सर ब्राँच, **रोहतास जिला**– डेहरी ब्राँच, **कैमूर जिला**– भभुआ ब्राँच, **मुजफ्फरपुर जिला**– मुजफ्फरपुर ब्राँच, **वैशाली जिला**– हाजीपुर ब्राँच, **सीतामढ़ी जिला**– सीतामढ़ी ब्राँच, **सारण जिला**– छपरा ब्राँच, **सिवान जिला**– सिवान ब्राँच, **पश्चिम चम्पारण जिला**– बेतिया ब्राँच, **पूर्वी चम्पारण जिला**– मोतिहारी ब्राँच, **बगहा जिला** – बगहा ब्राँच, **दरभंगा जिला**– दरभंगा ब्राँच, **मधुबनी जिला**– मधुबनी ब्राँच, **समस्तीपुर जिला**– समस्तीपुर ब्राँच, **पूर्णियाँ जिला**– पूर्णियाँ ब्राँच, **कटिहार जिला**– कटिहार ब्राँच, **अररिया जिला**– अररिया ब्राँच, **सहरसा जिला**– सहरसा ब्राँच, **सुपौल जिला**– सुपौल ब्राँच, **भागलपुर जिला**– भागलपुर ब्राँच, **नवगछिया जिला**– नवगछिया ब्राँच, **मुंगेर जिला**– मुंगेर ब्राँच, **जमुई जिला**– जमुई ब्राँच, **बेगूसराय जिला**– बेगूसराय ब्राँच, **लखीसराय जिला**– लखीसराय ब्राँच, **खगड़िया जिला**– खगड़िया ब्राँच, (कुल संख्या–38)

| Acknowledgement Slip /CV/ CSBC, Bihar, Patna | |
| --- | --- |
| Application No.<br><br>Name :<br><br>Father's / Husband's<br>Name:<br>Postal Address:<br><br><br>District: | Photograph of the<br>Candidate<br>(3.5 c.m. x 4.5 c.m.) |
| Pin: | Signature of the Candidate |


| Acknowledgement Slip /CV/ CSBC, Bihar, Patna | |
| --- | --- |
| Application No.<br><br>Name :<br><br>Father's / Husband's<br>Name:<br>Postal Address:<br><br><br>District: | Photograph of the<br>Candidate<br>(3.5 c.m. x 4.5 c.m.) |
| Pin: | Signature of the Candidate |